AGLASEM.COM

कक्षा १० इतिहास नोट्स

उपन्यास, समाज और इतिहास



Key Notes and Important Questions with Answers

इतिहास कक्षा 10वीं

अध्याय – 8

''उपन्यास, समाज और इतिहास''

याद रखने की बातें :–

1. उपन्यास – साहित्य की एक आधुनिक विधा जिसकी पैदाइश छापेखाने के मशीनी अविष्कार से हुई।
2. उपन्यास का विकास – इंग्लैंड और फ्रांस में 18वीं सदी में हुआ।
3. धारावाहिक – ऐसी पद्धति जिसमें कहानी को किस्तों में छापा जाता है।
4. पहला धारावाहिक उपन्यास सन् 1836 में छपा था।
5. भद्र समाज – ऊँचे खानदान में पैदा होने वाले और ऊँची हैसियत का दावा करने वाले लोग।
6. जन भाषा – सामान्य बोलचाल की भाषा।
7. व्यंग्य – लेखन, चित्रकारी, रेखांकन के माध्यम से हास्यपदक और चतुर ढंग से समाज की आलोचना का निरूपण।
8. दास्तान – साहस, वीरता और चतुराई के किस्सों की लंबी परंपरा जो फ़ारसी और उर्दू में थी।
9. हिन्दी का पहला उपन्यास लिखने का श्रेय दिल्ली के श्रीनिवास दास को जाता है।
10. जोसफ कॉनरैड (1857–1924) जैसे लेखकों ने अपने उपन्यासों में औपनिवेशिक गुलामी के स्याह पक्ष को उजागर किया।
11. एमिली जोला का जर्मिनल (1885) खदान मजदूरों की शोचनीय हालात को दर्शाता है।
12. गोदान (1936) प्रेमचंद की मशहूर कृति है जो भारतीय किसानों पर लिखा महान उपन्यास है।

	उपन्यास	लेखक	विषयवस्तु
1.	चार्ल्स डिकेंस	ओलिवर ट्विस्ट	एक अनाथ व्यक्ति की कहानी जो निर्दयी बदमाशों और भिखारियों के बीच रहता था।
2.	चार्ल्स डिकेंस	हार्ड टाईम	औद्योगीकरण का शहरी क्षेत्र पर प्रभाव।
3.	थोमस हार्डी	मेयर ऑफ केस्टरब्रिज	ब्रिटेन में गायब होने देहती समाज का चित्रण।
4.	जेन आस्टिन	प्राइड एंड प्रिज्युडिस	ऐसे समाज का चत्रिण जहाँ युवतियों को धनी एवं समृद्ध वर से शादियों के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
5.	चारलोते ब्रोंटे	जेन आयर	जेन ने समाज के स्थापित नियमों को चुनौतियाँ दी।
6.	रमोना	हेलेन हंट जैक्सन	किशोरियों को प्रेम कहानी
7.	पोथरी कुंजम्बु	सरस्वती विजायम्	जातिवाद से लगाव, निम्नवर्ग में शिक्षा की भूमिका
8.	रोकेया सखावत हुसैन	सुल्ताना-स-ड्रीमस	व्यंग्यात्मक रचना
9.	देवकी नन्दन खत्री	चंद्रकांता	यह तिलिस्म और ऐयारी पर अधारित रचना है।
10.	रुडयार्ड किपलिंग	द जगंल बुक	सहासी कारनामों की कथा।
11.	डैनियल डेकॉ	रोबिसंन क्रुसो	उपनिवंशवाद का महिमा मंडन।

12.	बाबा पदमाजी	यमुना पर्यटन	विधवाओं की स्थिति का चित्रण
13.	बंकमचन्द्र चटटेपाध्याय	दुर्गेशनन्दिनी, आन्नदमठ	राजनैतिक आंदोलन की प्रभावित करने वाली रचना।
14.	प्रेमचंद्र	रंगभूमि	औद्योगीकरण का भारत पर प्रभाव
15.	प्रेमचंद्र	निर्मला	बेमल-विवाह की कहानी
16.	प्रेमचंद्र	गोदान	भारतीय कृषक जीवन का महाकाव्य

लघु प्रश्न (1 अंक वाले) :-

1. पहला भारतीय उपन्यास किस भाषा में लिखा गया था ?
2. सौदामनी उपन्यास किस भाषा में है ?
3. इंदुलेखा उपन्यास किस भाषा में लिखा गया ?
4. हिंदी उपन्यास का पाठक वर्ग किसके लेखन से पैदा हुआ ?
5. मेयर ऑफ कैस्टरब्रिज नामक उपन्यास के लेखक कौन हैं ?
6. चार्ल्स डिकेन्स की पहली धारावाहिक पत्रिका कौन सी थी ?
7. पत्रात्मक उपन्यास क्या होता है ?
8. भारत में आधुनिक उपन्यास का विकास कब हुआ ?
9. सरस्वतीविजयम किस लेखक की रचना है ?
10. परीक्षा गुरू उपन्यास किस शैली में लिखा गया है ?
11. तमिल भाषा के लोकप्रिय ऐतिहासिक उपन्यासकार कौन हैं ?
12. बंगाली भाषा में लिखा गया पहला अन्यासमार कौन सा था ?
13. कादम्बरी का लेखक कौन है ?
14. बंगाल के दो लोकप्रिय उपन्यासकारों के नाम लिखो ?
15. होरी और धनिया किस उपन्यास के प्रसिद्ध पात्र हैं ?
16. पांडुलिपियाँ क्या होती हैं ?

लघु/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (3/5 अंक वाले)

1. उपन्यास बहुत सारी संस्कृतियों को एक साथ मिलाता है, स्पष्ट कीजिए ?
2. उपन्यासों ने किस प्रकार स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया ?
3. उपन्यास किस प्रकार औपनिवेशिक मानसिकता को उजागर करते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए ?
4. भारत में सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उपन्यासकारों की भूमिका उदाहरणों की सहायता से समझाइए।
5. ब्रिटेन में महिला पाठकों की वृद्धि के लिए उत्तरदायी कारकों का वर्णन कीजिए।
6. 19वीं सदी के युवाओं के लिए किस प्रकार के उपन्यास लिखे गए ? व्याख्या कीजिए।
7. हिन्दी के पहले आधुनिक उपन्यास का नाम लिखिए जो सबसे अधिक बिका। इसका लेखक कौन था ? यह अधिक प्रसिद्ध क्यों हुआ ?
8. प्रेमचन्द के उपन्यासों के पात्र समाज के विभिन्न वर्गों से घुल-मिल गये हैं ? स्पष्ट कीजिए।
9. रोकैया हुसैन के शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में योगदान की व्याख्या कीजिए ।
10. प्रारंभिक बंगाली भाषा के उपन्यासों की विशेषताएँ लिखो।
11. औपनिवेशिक भारत में उपन्यास किस तरह उपनिवेश और राष्ट्रवादियों के लिए लाभदायक था ?
12. उपन्यासों में वर्नाक्युलर भाषा का प्रयोग क्यों किया गया ?
13. हार्ड टाइम्स की रचना किसने की ? इसकी विषय वस्तु की व्याख्या कीजिए ?

14. असमिया उपन्यास की प्रमुख रचनाओं एवं उसके विकास की व्याख्या कीजिए ?

15. मलयालम में लिखा उपन्यास इंदुलेखा में किस मुद्दे को उजागर किया है ?

16. प्रेमचंद के उपन्यास किस प्रकार भारतीय जनमानस के हदय पटल पर अपनी छाप छोड़ते है ?

उत्तर माला :-

एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. मराठी
2. उड़िया
3. मलयालम
4. देवकी नन्दन खत्री
5. टॉमस हार्डी
6. पिकविक पेपर्स
7. निजी पत्रों के रूप में
8. 19वीं शताब्दी में
9. पोथेरी कुंजाम्बु
10. उपदेशात्मक शैली
11. आर, कृष्णामूर्ति
12. अँगुरिया बिनिमॉय
13. बाणभट्ट
14. बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय, शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय
15. गोदान
16. हस्तलिखित किताबें

लघु/दीर्घ 3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. (1) उपन्यासों में जनसाधारण की भाषा का प्रयोग किया गया।

   (2) उपन्यासों में अलग-2 बोलियों से निकटता बनाकर एक राष्ट्र के विविध समुदायों की दुनियाँ का निर्माण किया।

   (3) उपन्यासों में भाषा की अलग-अलग शैलियों से भी सामग्री ली गयी।

2. (1) आनंद मठ और अँगुरिया बिनिमॉय ने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया।

   (2) बंगाल में कई उपन्यास मराठों और राजपूतों पर लिखे गए, जिससे अखिल भारतीयता का विकास हुआ।

   (3) साहस और गौरवशाली अतीत के आह्वान से युवा पीढ़ी में देश भक्ति का प्रसार हुआ।

3. (1) डैनियल डैफो कृत रॉबिंसन क्रूसो का नायक साहसिक यात्री होने के साथ-साथ व्यापारी भी है।

   (2) इसमें गैर गोरे लोगों को बराबर का इंसान नहीं माना गया है।

   (3) जोसफ कॉनरैड ने अपने उपन्यासों में औपनिवेशिक गुलामी के काले पक्ष को उजागर किया है।

4. (1) सन् 1920 के आस-पास बंगाल में ऐसे उपन्यास आए जिनमें किसानों और निम्न जातियों से संबंधित बातें उठायी गईं।

   (2) चंदु मेनन का उपन्यास इंदुलेखा उच्च जाति की एक वैवाहिक समस्या पर प्रकाश डालता है।

   (3) पोथेरी कुंजाम्बु ने सरस्वतीविजयम नामक उपन्यास में निम्न जाति के दमन की कड़ी निन्दा की है।

5. (1) औद्योगीकरण के कारण मध्य वर्ग का विकास हुआ, जिससे महिलाओं को उपन्यास पढ़ने और लिखने का अवसर मिला।

(2) उपन्यासों में महिलाओं की समस्याओं को उठाया जाने लगा।

(3) बहुत सारे उपन्यास घरेलू जिन्दगी पर आधारित थे।

(4) स्वयं महिलाओं ने अपनी जिन्दगी के बारे में उपन्यासों में लिखा।

6. (1) आर.एल.स्टीवेंसन, रडयार्ड किपलिंग आदि उपन्यासकारों ने साहसिक घटनाओं पर उपन्यास लिखे।

(2) साहसिक घटनाओं पर आधारित उपन्यासों को युवाओं ने पढ़ना प्रारंभ किया।

(3) युवा विभिन्न औपनिवेशिक क्षेत्रों के विकास तथा ऐतिहासिक घटनाओं के गवाह बने तथा सैनिक कार्यवाहियों में हिस्सा लिया।

7. (1) प्रथम आधुनिक हिन्दी उपन्यास परीक्षा गुरू हैं।

(2) यह उपन्यास लाला श्रीनिवास दास द्वारा लिखा गया था।

(3) इसे पूर्णतः उपदेशात्मक शैली में लिखा गया।

8. (1) प्रेमचंद अपने उपन्यासों में वर्णित चरित्र लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित एक समुदाय का निर्माण करते हैं।

(2) प्रेमचंद ने अपने उपन्यासों में अभिजात वर्ग, जमींदार, मध्यवर्गीय किसान, मजदूर, नौकरी पेशा लोगों को लिया है।

(3) उपन्यासों में निम्न वर्ग से आने वाली महिलाओं को चित्रित किया है।

(4) उपन्यास सामाजिक मुद्दों पर आधारित हैं तथा चरित्र विभिन्न वर्गों से ही चुने गये हैं।

9. (1) वह एक समाज सुधारक थी।

(2) उन्होंने कलकत्ता में लड़कियों के लिए विद्यालय खोला।

(3) अंग्रेजी में सुल्ताना का स्वप्न नामक एक व्यंग्यात्मक फंतासी लिखी।

(4) अपने उपन्यास पद्मराग के माध्यम से बताया है कि महिलाएँ अपनी दशा स्वयं सुधार सकती हैं।

10. (1) उपन्यास प्रेम कहानियों तथा ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित होते थे।

(2) इन्हें गद्य शैली में लिखा जाता था।

(3) उपन्यासों में साधारण बोलचाल की भाषा का प्रयोग हुआ है।

11. (1) उपन्यासों ने विभिन्न सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने के साथ-साथ उनके निवारण के उपाय भी बताए।

(2) उपन्यासों में राष्ट्रीयता के विषय को भी उठाया और व्यक्तियों से अपनी संस्कृति के प्रति निष्ठा दिखाने का अनुरोध किया।

(3) उपन्यासों ने उपनिवेश प्रशासकों को भी उपयोगी सूचनाएँ दीं।

(4) इन उपन्यासों से देसी जीवन व रीति-रिवाजों से जुड़ी जानकारियाँ मिलीं जिन्हें अंग्रेजी में अनुवादित किया।

12. (1) वर्नाक्युलर भाषा आम जनता द्वारा बोली और समझी जाती है।

(2) इससे एक साझे राष्ट्र का एहसास हुआ।

(3) इससे शास्त्रीय भाषा और सड़क छाप भाषा में सामंजस्य स्थापित हुआ।

(4) यह विश्व की विभिन्न संस्कृतियों को एक साथ लेकर आयी।

13. (1) हार्ड टाइम्स की रचना चार्ल्स डिकेन्स ने की।

(2) इसमें औद्योगीकरण के दुष्प्रभावों का वर्णन है।

(3) इसमें काल्पनिक शहर के माध्यम से औद्योगीकरण के प्रभावों को दर्शाया गया है।

14. (1) असमिया भाषा का उद्‌गम 7वीं सदी में हो गया था।

(2) इसका साहित्यिक विकास 13वीं सदी में हुआ।

(3) प्रारंभिक असमिया उपन्यास मिशनरियों ने लिखे थे।

(4) प्रमुख उपन्यास फूलमणी और करूणा थे।

PUBLISHED BY ORIENT BLACKSWAN

15. (1) इन्दुलेखा प्रेम कथा पर आधारित उपन्यास था।

(2) इन्दुलेखा जैसे उपन्यास उच्च जाति के लोगों द्वारा लिखे जाते थे और उच्च जातियों के व्यक्तियों का उल्लेख होता था।

(3) नम्बूदरी ब्राह्मण उस समय केरल के बड़े जमींदार थे और नायरों का एक बड़ा वर्ग उनका रैयती लगानदार था।

16. (1) प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को हुआ। सभी उन्हें उपन्यास सम्राट कहते हैं क्योंकिः

(2) उपन्यास यर्थाथपरक थे।

(3) पात्र समाज की विभिन्न पृष्ठभुमियों से आते हैं।

(4) सामाजिक कुरीतियों का मुखर विरोध-किया गया।

(5) स्वंतत्रता संग्राम का समर्थन किया गया।

(6) बोलचाल की भाषा का उपयोग कर उपन्यास को जनता से जोड़ दिया।